Regarding Need to improve flight connectivity to Kanpur-laid

श्री रमेश अवस्थी **(**कानपुर**) :** मैं माननीय नागरिक उड्यन मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र कानपुर उत्तर प्रदेश की ओर केंद्रित करना चाहता हूँ । कानपुर उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख औद्योगिक, शैक्षिक और व्यावसायिक केंद्र है, जहां आईआईटी कानपुर, कई बड़ी औद्योगिक इकाइयाँ और व्यापारिक प्रतिष्ठान स्थित हैं । इसके बावजूद, कानपुर एयरपोर्ट से वर्तमान में उड़ानों की संख्या बेहद कम है इससे यहाँ के व्यापारियों, छात्रों, नौकरीपेशा लोगों और पर्यटकों को यात्रा में असुविधा का सामना करना पड़ता है ।मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है की कानपुर के औद्योगिक विकास के लिए कानपुर से कलकत्ता, अहमदाबाद, चेन्नई, जम्मू, पुणे, अमृतसर, मुंबई के अलावा नियमित कानपुर से सुबह शाम कानपुर से दिल्ली एक अतिरिक्त फ्लाइट तथा बनारस और अयोध्या के लिए साप्ताहिक फ्लाइट चालू की जाये, कानपुर हवाई अड्डे की महत्वपूर्ण जरूरतों को पूरा करने के लिए, मुझे विश्वास है कि माननीय उड़यन मंत्री जी इस महत्वपूर्ण आवश्यकता को प्राथमिकता देंगे और कानपुर को बेहतर हवाई सेवाएँ प्रदान करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाएँगे ।